तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 19 अक्टूबर 2025

संघ के शताब्दी वर्ष पर शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का हुआ आयोजन
2





## खबर संक्षेप

### नरक चतुर्दशी हनुमानजी का विजयाभिनन्दन दिवस आज

**जांजगीर-चांपा।** हनुमान जन्मोत्सव वर्ष में दो बार मनाया जाता है। पहला हिन्दु पच्चांग के अनुसार चैत्र पुणिमा को दुसरा कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी अर्थात नरक चतुर्दशी को इसके अलावा तमिलनाडु और केरल में हनुमान जन्मोत्सव मार्गशीर्ष माह की अमावस्या को तथा ओडिसा में वैशाख महीने के पहले दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। 1 माना जाता है की चैत्र पूर्णिमा को मेष लग्न में, चित्रा नक्षत्र दिन मंगलवार को प्रातकाल हनुमानजी की जन्म एक गुफा में हुआ था 2 अन्य मान्यता अनुसार हनुमानजी का जन्म कार्तिक मास की चतुर्दशी को मंगलवार के दिन स्वाति नक्षत्र मेष लग्न में हुआ था 3 धार्मिक मान्यता के अनुसार नरक चतुर्दशी को विजयाअभिनन्दन महोत्सव के रुप में मनाया जाता है। अधिकतर जगहों पर हनुमानजी का जन्म चैत्र पुणिमा के दिवस होने की मान्यता है। नरक चतुर्दशी को हनुमाजी का विजया अभिनन्दन के रुप में मनाना चाहिए। हनुमाजी के विजयाभिनन्दन पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में 7 बजे हनुमान की महाआरती 8 बजे से राम चरितमानस गायन किया जाएगा ।

### ग्रामीण महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम

**जांजगीर-चांपा।** जिले में प्रजाति निगम विकास विभाग द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (नरेगा) जैसी योजनाएं विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बना रही हैं। समूह की महिलाओं ने बताई सरकारी योजनाओं के सहयोग से हम सब्जी उत्पादन बकरी पालन जैसे कार्यों से न सिर्फ आत्मनिर्भर हुए हैं बल्कि अपने परिवार का बेहतर ढंग से भरण पोषण भी कर पा रहे हैं

### जोबी से पीथमपुर पहुंच मार्ग जर्जर, हो रही दिक्कतें

**जांजगीर-चांपा।** जोबी पीथमपुर मार्ग की सडक की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। वही मामले को लेकर अफसरो के द्वारा तत्काल पहल करने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। जिसके कारण लोगो को मजबुरन बदहाल सडक से होकर आवागमन करने की मजबुरी बनी हुई है। विदित हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर से जोबी होते हुए पीथमपुर जाने वाले सडक की स्थिती बद से बदतर हो चली है। इस तरह की समस्या विगत पांच सालों से बनी हुई है। इसके बाद भी सडक मरम्मत पर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। खास बात यह है कि जोबी पीथमपुर बदहाल सडक की मरम्मत कार्य कराने को लेकर महीने भर पहले जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा चक्काजाम भी किया गया था। बरसात में काम नहीं हो सका था। अब बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद ग्रामीणों को सड़क के निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

### प्री पेड ऑटो बूथ कबाड़ में तब्दील यात्रियों को नहीं मिल रही सुविधा

**जांजगीर-चांपा।** यात्रियों की सुविधा के लिए खोले गए प्री पेड ऑटो बूथ का संचालन सालभर में ही बंद हो गया है। अब ये ऑटो बूथ महज शो पीस बनकर रह गए हैं। इसके साथ ही आटो बूथ कबाड़ में तब्दील होते जा रहे है। ऐसे में यात्रियों को अधिक किराया देकर ऑटो से सफर करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर के रेलवे स्टेशन और कचहरी चौक में यात्रियों की सुविधा के लिए साल 2018 में प्री पेड ऑटो बूथ खोले गए। इन बूथों के संचालन की जिम्मेदारी यातायात विभाग को दी गई। आलय यह है कि अब ये बूथ खुल ही नहीं रहे। काफी समय से प्री पेड ऑटो बूथ की सेवा का लाभ यात्रियों को नही मिल पा रहा है।

### दीये और झालर से जगमग हुए घर-द्वार, दीपावली का त्यौहार शुरू

# धनतेरस पर बाजारों में धनवर्षा जिले में करोड़ों का कारोबार



मां लक्ष्मी की अगुवानी के लिए झालरों से सजे दुकान व मकान।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

साल के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली की शुरूआत 18 अक्टूबर को धनतेरस पूजा के साथ हुई। धनतेरस के शुभ मुहूर्त में खरीददारी करने जिलेभर में सुबह से ही लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शाम तक बाजारों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर गली, हर चौक, हर दुकान पर लोगों की चहल-पहल रही।

धनतेरस को लेकर शनिवार 18 अक्टूबर को बाजारों में पूरे दिन रौनक रही। धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर खरीददारी करने के लिए सुबह से शुरू हुई भीड़ देर रात तक दुकानों में लगी रही। धनतेरस के अवसर पर पारंपरिक रूप से लोग बर्तन, सोना-चांदी, वाहन, और इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदते हैं। इसी परंपरा को निभाते हुए जांजगीर-चांपा के प्रमुख बाजारों में दिनभर रौनक रही। सराफा बाजार से लेकर ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, कपड़ा और बर्तन की दुकानों में खरीदारों की भीड़ लगी रही। दुकानदारों ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जिले में अनुमानतः करोड़ों रुपये का कारोबार हुआ है। मुख्य बाजार जांजगीर, चांपा, नैला, अकलतरा और सक्ती में दिनभर पार्किंग स्थलों में वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। दीपावली की तैयारी के चलते घरों में भी सजावट की धूम रही। हर घर दीपों, मोमबत्तियों और रंग-बिरंगी झालरों से जगमगा उठा। धनतेरस की शाम को लोगों ने विधिवत धन्वंतरी भगवान की पूजा-अर्चना की और परिवार की समृद्धि व स्वास्थ्य की कामना की। पूजा के बाद लोगों ने घरों में दीपक जलाकर दीपोत्सव की शुरुआत की।

दुकानदारों और व्यापारिक संगठनों के अनुसार इस बार इलेक्ट्रॉनिक्स और ज्वेलरी सेक्टर में सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की गई। मोबाइल, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरणों की जमकर खरीदारी हुई। वहीं, बर्तन बाजार में भी तांबे-पीतल और स्टील के बर्तनों की अच्छी खासी बिक्री हुई। त्योहार की रौनक से पूरा जिला जगमगा उठा।

### रविवार को होगी रूप चतुर्दशी और नरक चौदस

दीपावली से एक दिन पूर्व रविवार 19 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी एवं नरक चौदस का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सुबह स्नान-पूजन और शाम को दीपदान का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर संसार को भय और अंधकार से मुक्त किया था। लोग तड़के तेल स्नान कर उबटन लगाकर रूप सौंदर्य की कामना करते हैं। शाम को घरों में दीपक जलाकर यमदेव की पूजा की जाती है। इस पर्व को छोटी दीपावली के रूप में भी मनाया जाता है, जिससे दीपोत्सव की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है।



अकलतरा के शास्त्री में बनी जाम की स्थिति।

# त्यौहार की खरीददारी पर नगर की बदहाल ट्रैफिक पड़ रही भारी


## शास्त्री चौक में घंटों जाम में फंसे राहगीर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा**

त्यौहारी सीजन में बढ़े ट्रैफिक के दबाव के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दीपावली की खरीददारी के लिए धनतेरस के दिन से शहर में ग्राहकों की भीड़ बढ़ी। इसके साथ ही आवागमन व्यवस्था बनाने पुलिस प्रशासन को पसीना बहाना पड़ा। नगर के शास्त्री चौक में भीड़ बढने के कारण लोगों को घंटे भर तक जाम में फंसा रहना पड़ा।

धनतेरस पर खरीददारी के लिए नगर में शनिवार 18 अक्टूबर को क्षेत्रवासियों की भीड़ उमड़ी। दिवाली त्योहार को धूमधाम से मनाने के लिए भी लोगों के द्वारा बड़ी मात्रा में विभिन्न सामग्रियों की खरीदी की जाती है। धनतेरस के लिए बाजार पूरी तरह से सजकर तैयार नजर आया। शनिवार को जब नगर समेत आसपास के गांव के लोग खरीददारी करने बाजार पहुंचे तो भीड़ बढ़ गई। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। सुबह से लेकर देर शाम तक मुख्य मार्गो में वाहन चालक जाम में फंसते नजर आए। नगर के हृदय स्थल शास्त्री चौक में लोग घंटों जाम में फंसे रहे। शाम ढलते ही शास्त्री चौक मे स्थिति और भी खराब होने लगी। सड़क पर आवागमन का दबाव और दुकानों के सामने वाहनों की पार्किंग के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बड़ी मात्रा में खरीदारी के लिए पहुंचे क्षेत्र वासियों को संभालना एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखना पुलिस के लिए आज चुनौती की तरह रहा। पुलिस बल को यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने पसीना बहाना पड़ा। अकलतरा पुलिस के जवानों के द्वारा बेहतर ढंग से नगर में उमड़ी भीड़ को संभाल कर क्षेत्र वासियों को सुविधाजनक खरीददारी करने मे सहयोग प्रदान किया गया। वहीं नगर के मुख्य मार्ग में क्षेत्र वासियों की भीड़ की व्यवस्थित करने के लिए थाना प्रभारी भास्कर शर्मा अपनी टीम के साथ मुस्तैद नजर आए। शाम के बाद सड़क में व्यवस्था बनाने पुलिस की टीम तैनात रही।

# अर्ली वैरायटी धान की फसल की कटाई शुरू



धान की कटाई में व्यस्त महिला।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह**

किसानों के चार माह की मेहनत रंग लाने लगी है। अर्ली वैरायटी धान में बालियां आकर फसल पूरी तरह तैयार हो चुकी है। जिले में अर्ली वेरायटी की धान की फ़सल की कटाई शुरू हो चुकी है। दीपावली का त्यौहार निपटने के बाद धान की कटाई में तेजी आएगी।

खरीफ फसल की खेती करने वाले किसानों के चेहरे पर अब मुस्कान देखी जा रही है। अर्ली वैरायटी धान की फसल पूरी तरह तैयार हो चुकी है। धान में सुनहरी बालियां आ चुकी है। कई किसान अर्ली वैरायटी धान की कटाई भी शुरू कर चुके है। फ़सल कटाई के लिये मौसम भी बहुत ही अनुकूल माना जा रहा है। फ़सल कटाई के लिये मौसम भी बहुत ही अनुकूल होने के के कारण धान की फ़सल कटाई के काम में जुट गये हैं। हालांकि दीपावली त्यौहार के बाद धान कटाई के काम में तेजी आएगी। इस सम्बन्ध में बहेराडीह के किसान और पशु सखी पुष्पा यादव, कृषि सखी शशि कर्ष और करमन्दी गाँव के कृषि सखी अभिलाषा खूंटे ने बताया कि इस समय अर्ली वेरायटी की धान की फ़सल खेत में पककर तैयार है। फ़सल कटाई के लिये मौसम भी बहुत ही अनुकूल होने के के कारण धान की फ़सल कटाई के काम में व्यस्त हो गये हैं। अर्ली वेरायटी के धान की फ़सल में इस बार बीमारी का प्रकोप कम होने के कारण उत्पादन बहुत अच्छा हैं।

### बिर्रा में अखंड नवधा रामायण महायज्ञ 27 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम देवरहा (बसंतपुर) के लीला मंडली चौक भाटापारा में श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 27 अक्टूबर दिन सोमवार से रखा गया है। व्यास पंडित गीता प्रसाद तिवारी श्रीमद् भागवत वक्ता बिर्रा वाले होंगे। इस दौरान अच्छे प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। मानस गान प्रतियोगिता का फाइनल 4 नवंबर दिन मंगलवार को रात्रि 8:00 बजे से रखा गया है। श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का समापन, हवन ,चढ़ोतरी, ब्राह्मण भोजन और सहस्त्र धारा 5 नवंबर दिन बुधवार को होगा। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम वासियों के द्वारा तैयारियां की जा रही है।

### गेमन पुल में बड़ा हादसा टला...



**चांपा।** जांजगीर और चांपा शहर को जोड़ने वाले हसदेव नदी स्थित गेमन पुल पर शनिवार 18 अक्टूबर की सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। गिट्टी से भरे ट्रैक्टर का चालक नियंत्रण खो बैठा। ट्रैक्टर रेलिंग तोड़ते हुए पुल पर लटक गया। ड्राइवर ने नदी में कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई।

### रजत जयंती वर्ष, 25 तक कर सकते है आवेदन

**सक्ती।** रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में उद्योग विभाग के अंतर्गत स्टार्टअप छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन 2025 स्टार्टअप पिचेस एवं अवॉर्ड्स इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जिला सक्ती द्वारा बताया गया कि यह एक राज्यव्यापी पहल है। यह छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन राज्यभर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें छात्र समुदाय से 10 संभावनाशील विचार और 10 अभिनव स्टार्टअप्स का चयन किया जाएगा। इन्हें राज्योत्सव डेमोडेय पिचिंग इवेंट में अपनी अंतिम प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। मूल्यांकन के आधार पर शीर्ष 5 छात्र विचार एवं शीर्ष 5 स्टार्टअप्स को निम्नानुसार सम्मानित किया जाएगा।

# दो दिनों से लापता महिला का तालाब में मिला शव, हत्या की आशंका

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

दो दिनों से लापता महिला की लाश तालाब में तैरती मिली। लाश के गले में ईंट बंधी है। मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मामला सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम पुटपुरा का है।

■ सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम पुटपुरा का मामला



तालाब से निकाला गया महिला का शव।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पुटपुरा निवासी सरस्वती राठौर दो दिन पहले से लापता थी। शनिवार 18 अक्टूबर की सुबह ग्रामीणों ने गांव के तालाब में एक शव को तैरता देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त सरस्वती राठौर के रूप में की गई। महिला के शव के गले में ईंट बंधी हुई थी। जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कर शव को तालाब में फेंका गया है। सूचना मिलते ही डीएसपी और टीआई मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। सरस्वती राठौर के पति ने शुक्रवार को सिटी कोतवाली में पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असल कारण का खुलासा हो सकेगा।

### चावल, नमक और शक्कर एक साथ वितरण करने की उपभोक्ताओं ने रखी मांग

# सोसायटी में शक्कर नहीं मिलने पर भड़के ग्रामीण, कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह**





सोसायटी में दीपावली पर्व के समय में भी शक्कर नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने आक्रोश ब्यक्त किया है। जिले में बलौदा ब्लॉक के जाटा पंचायत में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में लाखों रूपये का गबन और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मामले की जाँच पूरी होने के बाद दोषियों पर अभी तक पुलिस में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। हालांकि सेल्समेंन को हटा दी गईं है और दूसरा सेल्समेंन नियुक्त किया गया है।

ग्राम बहेराडीह और जाटा के पूर्व सरपंच मुरित राम यादव ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य का दुकान का संचालन ग्राम पंचायत के सचिव के नाम पर किया जा रहा है। जहाँ पर कुछ समय तक जाटा के लोगों को उनके गाँव में और आश्रित ग्राम बहेराडीह के उपभोक्ताओं को गाँव में ही राशन का वितरण किया जा रहा था। इस बीच कमिशन की बात को लेकर पंच परमेश्वरों के बीच आपसी मतभेद हो गया और फिर जाटा पंचायत मुख्यालय में स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में राशन वितरण किया गया। सेल्समेंन और कुछ पंच मिलकर राशन वितरण में लाखों रूपये की हेराफेरी करने लगे। शिकायत पर विभागीय जाँच तो हुई। शिकायत में दोष सिद्ध भी हुआ। लेकिन पुलिस में एफआईआर दर्ज अभी तक नहीं हो पाई है। हालांकि मामले में जांच के तत्काल बाद सेल्समेंन को हटा दी गईं है। पूर्व सरपंच मुरित राम यादव ने आगे बताया कि दीपावली के समय सिर्फ चावल और नमक का वितरण किया गया है और शक्कर का वितरण नहीं किया गया है। जबकि दीपावली पर्व में शक्कर का वितरण किया जाना चाहिए। बहेराडीह के अधिकतर उपभोक्ता शक्कर लेने के लिये पांच किलोमीटर दूर स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान जाटा नहीं जाते हैं। और शेष बचे हुये शक्कर को दूसरा माह में वितरण नहीं किया जाता। इसकी शिकायत कलेक्टर के जनदर्शन में करने की बात ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है।

#### बनाई जाएगी व्यवस्था

शासकीय उचित मूल्य की दुकान में फिलहाल अभी उपभोक्ताओं को वितरण के लिए शक्कर नहीं नहीं मिला है। चावल और नमक का वितरण किया जा रहा है। आश्रित गाँव बहेराडीह का राशन गाँव में ही वितरण किये जाने की व्यवस्था बनाई जाएगी

**-जमुना सिंह नेताम,**
सचिव, ग्राम पंचायत जाटा

# आबकारी विभाग और महिला समूह ने नशे के विरुद्ध निकाली जागरुकता रैली

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

आबकारी वृत्त सक्ती के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामपाली थाना सक्ति में महिला समूह के द्वारा लगातार नशे के विरुद्ध जन जागृति अभियान चलाया जा रहा है । इसी कड़ी में ग्राम में रैली निकालकर अवैध रूप से शराब कारोबार में लिप्त व्यक्तियों को समझाइश दी गई । मना करने के बावजूद कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध शराब का कारोबार बंद नहीं किया गया है। ऐसे लोगों के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई की।

समूह की महिलाओं ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल से इस संबंध में आवेदन दिया। अधिकारी ने तत्काल



आबकारी विभाग की टीम को गांव भेजा। टीम ने महिला समूह के साथ संदिग्ध शराब कारोबारी के घरों में दबिश दी। भोपाल भारद्वाज पिता रामचरण के घर 4 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 500 मिली कुल मात्रा 2 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। महिला समूह के सामने ही आरोपी ने उक्त महुआ शराब पाउच को 30 रूपए में ग्राहकों को बेचना स्वीकार किया और भविष्य में कभी भी महुआ शराब न बनाने और न ही बेचने का वायदा किया गया।

## खबर संक्षेप

### प्राचार्य ने दिवंगत व्याख्याता के परिवार को सौंपा 50 हजार रुपए का चेक



**राहौद।** शासकीय हाई स्कूल बिलारी में पदस्थ व्याख्याता ललित दिनकर के कैंसर से आकस्मिक निधन होने के फलस्वरूप उनके नामिनी को एक्सग्रेसिया राशि 50 हजार रूपये का चेक डीडीओ प्राचार्य पीएल कौशिक द्वारा 16 अक्टूबर को प्रदान किया गया। वहीं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

### भगवान श्रीरामचंद्र की अमृतमयी कथा का आयोजन कल से

**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा के टिकरी पारा में मोहल्ला में लगभग 20 वर्षों के अंतराल के पश्चात मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र की पावन अमृतमयी कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 अक्टूबर बुधवार को कलश यात्रा से होगा। कथा का समापन और भजन-कीर्तन प्रतियोगिता का फाइनल 31 अक्टूबर शुक्रवार को होगा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संत शिरोमणि राम गोपाल दास महाराज देवर घटा वाले उपस्थित रहेंगे। उनके साथ मंच पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महंत रामसुंदर दास महाराज, श्रीमती अंजनी मनोज तिवारी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, शिवरीनारायण, प्रकाश बंसल समाजसेवी, शिवरीनारायण, श्रीमती नेहा रामचरण साहू जिला पंचायत सदस्य, दिनेश कुमार साहू जनपद सदस्य नवागढ़, श्रीमती सुष्मिता तरुण साहू सरपंच ग्राम पंचायत तुस्मा, गोपी चंद साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत तुस्मा, कमल प्रसाद पटेल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तुस्मा एवं श्रीमती सरिता साहू पूर्व जनपद सदस्य नवागढ़ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### बंदोरा पहुंचने पर प्रभारी मंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**मालखरौदा।** सक्ती जिले के प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के पहली बार मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम बंदोरा पहुंचने पर भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब पहली बार ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम पंचायत बंदोरा पहुंचने पर पंचायत भवन में ग्राम के सरपंच नवधा राम लालू गबेल एवं पंचों तथा ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें इस अवसर पर लड्डुओं से तौला गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया तथा पंचायत भवन की सुंदरता तथा साफ सफाई देखकर खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर सांसद कमलेश जांगड़े, जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष रंजीत अजगले के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### तनौद में सी.सी.रोड और ओपन जीम निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**तनौद।** पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तनौद में राज्य सभा सांसद रंजीत रंजन की सांसद निधि से स्वीकृत 20 लाख रुपये की लागत से ग्राम पंचायत तनौद में चंडी तालाब में सीसी रोड और दाऊडबरी तालाब के पास ओपन जिम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष मित्रभान साहू रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य प्रमिला अजय साहू, सरपंच रजनी महावीर साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिव कुमार मिथिलेश, भरथरी यादव, राम हरि साहू, मनोज केवट, गनेश्वर साहू उग्रेश्वर गोपाल केवट, विरज बाई रणवीर कंवर, कृष्ण कुमार केवट, रवि केवट, उत्तेश्वर साहू, कमल किशोर प्रमोद साहू कोमल साहू देवी प्रसाद यादव,उत्तेश्वर साहू नागेश्वर,सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

जाँजगीर मार्केट

फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
बॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपडा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे
2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते
999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

### हरि लीला ट्रस्ट का ज्ञान, प्रेरणा और सम्मान समारोह आयोजित

# सफलता संकल्प उत्सव में पहली बार 800 से अधिक प्रतिभाओं को एक ही मंच से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

हरि लीला ट्रस्ट, बनारी (जांजगीर-नैला) द्वारा आयोजित 'सफलता संकल्प उत्सव 2025' का भव्य समापन ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के मार्गदर्शन में अपार सफलता के साथ हुआ। इस आयोजन में इतिहास रचा गया जिसके तहत पहली बार 800 से अधिक प्रतिभाओं को एक ही मंच से सम्मानित किया गया। आयोजन में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इसे अभूतपूर्व बना दिया।

कार्यक्रम के मंच से सभी अतिथियों ने हरि लीला ट्रस्ट की परंपरा, दृष्टिकोण और आयोजन के स्वरूप की जमकर सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष छ.ग. विधानसभा नारायण चंदेल, भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, भाजुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा, अंबेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा, गुलाब सिंह चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष जांजगीर रेखा गढ़ेवाल, जिला पंचायत सदस्य गगन जयपुरिया, चांपा नगर पालिका प्रदीप नामदेव, इंजी. रवि पाण्डेय सहित अन्य अतिथि व गणमान्यजन मौजूद रहें।

**करियर गाइडेंस मेला बना युवाओं का आकर्षण केंद्र**-आयोजन के दौरान लगे कैरियर गाइडेंस मेले में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न प्रांतो के 25 प्रमुख विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों के वाइस चांसलर, प्रोफेसर एवं विभाग प्रमुखों ने सहभागिता की। उन्होंने छात्रों को नए करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की दिशा में मार्गदर्शन दिया और युवाओं को सफलता के लिए प्रेरित किया।



सम्मानित करते हरिलीला ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया एवं अन्य अतिथि।

## हर पल सिखने की होनी चाहिए जिज्ञासा : लीलाधर

हरिलीला ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिवस 16 अक्टूबर के अवसर पर प्रेरणा सेवा और सम्मान की परंपरा है जिसके तहत जरूरतमंदो के विशेष सहयोग के लिए हर साल विशेष आयोजन कराये जाते है साथ ही युवाओं और छात्रों को भविष्य की नई दिशा प्रदान करने कैरियर मेला और मोटिवेशनल आयोजन भी होते है जिसमें विश्वविख्यात मोटिवेटर और स्पीकर सोनू शर्मा, अवध ओझा, पूर्व आई.ए.एस. ओ.पी. चौधरी, शंकर गोयनका दिल्ली, डॉ. संतोष राय भिलाई शिरकत कर चुकें हैं। इस बार भी इसी तारतम्य में इस बार भी सफलता संकल्प उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न प्रदेशो के विश्वविद्यालय, कालेज और इंस्टीटयूट के विशय विषेशज्ञो ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में अवसर आता है जो अवसर का सदउपयोग करता है वही सफलता की ऊचाईया छूता है साथ ही कहा कि सीखने की कोई उम्र नही होती है हर पल सीखने की ललक उम्मीदों का जिंदा रखती हैं।

### सामान्य ज्ञान महापरीक्षा अभियान के विजेताओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा सामान्य ज्ञान महापरीक्षा अभियान, जिसमें विधानसभा जांजगीर-चांपा क्षेत्र के 106 विद्यालयों के 12500 छात्रों ने भाग लिया। इसमें विद्यालय स्तर से चयनित विजेताओं में से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थानः जय भारत स्कूल, जांजगीर के योगेश राज 21 हजार नगद, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र। द्वितीय स्थान स्वामी आत्मानंद उ.मा.वि. क्रमांक-1, जांजगीर के उद्धव जायसवाल 11 हजार नगद, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र। तृतीय स्थानः गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जांजगीर के पार्थ तिवारी 5100 नगद, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र। इसके अलावा सात सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 2,100 नगद, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र दिए गए -त्रिशिका बजाज (ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल), जय सोनी (स्वामी आत्मानंद उ.मा.वि. चांपा), प्रीतम सिंह विजय (स्वामी आत्मानंद उ.मा.वि. क्र.1 जांजगीर), अविनाश विश्वकर्मा (गोल्डन इरा चांपा), आयुष करी (डीपीएस चांपा), उपेंद्र साहू (जीएलडी पब्लिक स्कूल खैरताल) एवं विशाल कश्यप (शा. उ.मा.वि. महंत)।

### बोर्ड के प्रावीण्य सूची मे आई छात्रा खुशी को मिला विशेष सम्मान

हरि लीला ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार, इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ बोर्ड की कक्षा 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाली बलौदा विकासखंड के शा. हायर. सेकेण्डरी स्कूल पंतोरा की छात्रा खुशी देवांगन को 21 हजार नगद, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

## आयोजन को मिली अभूतपूर्व सफलता

अपने स्वागत उद्बोधन के दौरान ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने कहा कि यह आयोजन केवल सम्मान का मंच नहीं, बल्कि समाज में मेहनत, संकल्प और सफलता की चेतना जगाने का प्रयास है। उन्होंने सभी अतिथियों, गुरूजनों, छात्रों, विद्यालय प्रबंधनो, पालकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया और आगामी वर्ष में इसे और व्यापक स्वरूप देने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर मंच संचालन दीपक यादव, हितेश यादव और आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर हरिलीला ट्रस्ट की ओर से मनीष तिवारी, मुकेश भोपालपुरिया, जितेन्द्र खाण्डे, सुनील पाण्डे, साकेत तिवारी, सुधीर झाझड़िया, रामेश्वर पटेल, मणिकांत अग्रवाल, वृन्दावन सिंह (रामलल्ला) विरेन्द्र सिंह, विवेक सिंह, राजेन्द्र साहू, कमल राठौर, अविनाश द्विवेदी, सागर राठौर, रोहित कुलदीप, रवि पाण्डेय, रमेश सोनवानी, धीरज तिवारी, संदीप पाण्डेय, संतोष राठौर, हितेश साहू, डिगेश मनहर, भोजराम साहू, इन्द्र कुमार कश्यप, ईश्वर चन्द्रा, प्रितम दास, समीर माथुर, संदीप माथुर, आयुश सिंह, उमेश राठौर, पुष्पेन्द्र निर्मलकर, पंकज कहरा, अमित यादव, राकेश रूपवानी, रघुनंदन कश्यप, दिनेश राठौर, सुनील कश्यप, गोलू दुबे, छत्रपाल विजय, हरि सोनवानी, संजीता माली, प्रतीमा डाहरे, उमा सोनी, दुलोरिन चौरसिया, संतोशी दुबे, देवानंद गढ़ेवाल, छबि कश्यप, सोनू यादव, अमन यादव, अनिल जाटवर, प्रांशु राठौर, बादल बजाज, पिंकु राठौर, दिपक सिंघानिया, विक्रांत अग्रवाल, पियुष सराफ, अखिल बंसल, आकाश सिंघानिया, निकुंज भोपालपुरिया, संतोष जब्बल, गौतम यादव, विक्रांत बघेल मौजूद रहे।

### मंच से इनका हुआ सम्मान

**कवि-** ईश्वरी यादव, विजय राठौर, संतोष कश्यप, सतीश कुमार सिंह, प्रमोद आदित्य, अनुभव तिवारी, दयानंद गोपाल, संतोषी श्रद्धा महंत, उमाकांत टैगोर, योगेश्वर सिंह, अंकित राठौर, समाज सेवी संस्था - श्री श्री दुर्गा पूजा समिति नैला, कचहरी चौक का राजा, स्नेक रेस्क्यू टीम, विप्लव सेवा संस्थान, वाला मोहल्ला गणेश सेवा समिति / वाला मोहल्ला दुर्गा पूजा समिति, पुरूष सहायता केन्द्र, मारवाड़ी युवा मंच नैला-जांजगीर, जागृति शाखा नैला-जांजगीर, चेम्बर ऑफ कामर्स नैला जांजगीर, भीमा तालाब मॉर्निंग ग्रुप, एक कदम समाज सेवी संस्था, मारवाड़ी युवा मंच चांपा, चेम्बर ऑफ कामर्स चांपा, चांपा सेवा संस्थान, मॉर्निंग वॉक योग समिति चांपा, शबरी माता सेवा संस्थान, वेलविसर फाउंडेशन अकलतरा, नारायण सेवा समिति षिवरीनारायण, व्यापारी सेवा समिति राहौद, मॉ-बाबू जी फाउंडेशन नवागढ़, भूतपूर्व सैनिक संघ, भारत स्काउड गाइड, गौ सेवा समिति, लायंस क्लब जांजगीर, खिलाड़ी - कु. शिक्षा दिनकर, कु. मंदाकनी श्रीवास, शैलेन्द्र कहरा, निहाल पाण्डेय, प्रशांत कहरा सम्मानित हुए।

### संघ के शताब्दी वर्ष पर शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का हुआ आयोजन



**केरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम में विजयदशमी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला और ग्राम वासियों को राष्ट्रीय एकता व भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। घोष की दिव्य धुनो और अनुशासित चाल से स्वयं सेवकों का यह संचलन ग्रामवासियों के लिए गौरव का क्षण बना। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में ध्वज वंदन से हुई, जहां संघ ध्वज को प्रणाम अर्पित कर उत्सव का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात पथ संचलन स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर साहू गली गढपारा बस स्टैंड बिर्रा रोड कहरा गली केशरवानी गली होते हुए बाजार चौक के पास संपन्न हुआ। ग्राम के नागरिकों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साह पूर्वक स्वागत किया। विजयदशमी उत्सव के अंतर्गत शस्त्र पूजन नियुक्त प्रदर्शन योग प्रदर्शन की प्रकृति का आयोजन किया गया। तत्पश्चात विद्याधर शुक्ला व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर केरा का आशीर्वचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कौशलेन्द् क्षेत्र संगठन मंत्री कीड़ा भारती ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक केवल संगठन नहीं है बल्कि जीवन की एक शैली है जो व्यक्ति में अनुशासन समर्पण और राष्ट्र रिश्ता के संस्कार उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य भारत माता को पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करना है। कार्यक्रम में अतिथियों और पदाधिकारी ने पारंपरिक विधि से शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विभाग से योगेश शर्मा, सामाजिक सद्भाव प्रमुख सरोज पटेल, विभाग किसान कार्य प्रमुख घनश्याम पटेल, जिला कार्यवाहक रितेश कश्यप, खंड कार्यवाहक नवागढ़ सौरभ शुक्ला, लोकेश शुक्ला, अखिलेश भीष्म, समीर वैष्णो ,शंकर दास वैष्णव, पैगाम दास महंत, मधुसूदन शुक्ला, पूनम राठौर प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर केरा गोपाल पटेल, कृष्णा यादव, मनीष पटेल, ईश्वर पटेल, उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग सरस्वती शिशु मंदिर केरा, पुलिस प्रशासन नवागढ़ व ग्राम पंचायत केरा का रहा।



# आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

■ हसौद में शस्त्र पूजन और पद संचलन का हुआ भव्य आयोजन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत ग्राम हसौद में विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला और ग्रामवासियों को राष्ट्रीय एकता व भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्हैयालाल साहू वैदिक कान्वेंट स्कूल प्रांगण में ध्वज वंदन से हुई, जहां संघ ध्वज को प्रणाम अर्पित कर उत्सव का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात पथ संचलन स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर मिलन चौक, शारदा चौक, महामाया मंदिर, बजरंग चौक, बस स्टैंड होते हुए पुनः स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। ग्राम के नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर सक्ती जिले के प्रभारी एवं कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने मिलन चौक में स्वयंसेवकों के संचलन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र की एकता और संस्कृति के प्रतीक हैं। विजयादशमी उत्सव के अंतर्गत शस्त्र पूजन, नियुद्ध प्रदर्शन, योग प्रदर्शन और एकल गीत प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लक्ष्मीनारायण सोनी, कोरबा विभाग सहकार्यवाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केवल संगठन नहीं, बल्कि जीवन की एक शैली है, जो व्यक्ति में अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा के संस्कार उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य भारत माता को पुनः विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित करना है। कार्यक्रम में अतिथियों और पदाधिकारियों ने पारंपरिक विधि से शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर शेष नारायण सोनी, दिलहरण कश्यप, मोहन मांझी, सुरेश यादव, देवलाल कश्यप, अभिषेक कश्यप, भूपेंद्र साहू, सिद्धार्थ सिन्हा, रितेश साहू सहित स्वयंसेवक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सर्व नाई सेन श्रीवास समाज कार्यकारिणी प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**मालखरौदा।** सर्व नाई सेन, श्रीवास समाज के जिला कार्यकारणी एवं प्रकोष्ठों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन को मालखरौदा सामुदायिक भवन में हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में छ.ग. प्रान्त सेन श्रीवास (नाई) समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीतराम सेन, उपाध्यक्ष आशुतोष श्रीवास, सचिव भुवन लाल कौशिक, कोषाध्यक्ष किशन सेन, बिलासपुर संभाग प्रभारी अमित श्रीवास, सैलून संघ के उपाध्यक्ष कमल नारायण शाण्डिल्य, चिकित्सा प्रकोष्ठ के सचिव डॉ. सुमन श्रीवास, कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लोकनाथ सेन, रूपेश श्रीवास, बसंत श्रीवास उपस्थित थे। इस दौरान जिले के वर्तमान स्थिति गठन समाजिक गतिविधियों को सभी ने जानकारी प्रदान किया। तत्पश्चात सक्ती जिला कार्यकारणी के जिला अध्यक्ष के रूप में इंदल सिंह श्रीवास, उपाध्यक्ष प्रकाश श्रीवास, खिलावन श्रीवास, सचिव फागूराम श्रीवास कोषाध्यक्ष भरत लाल कौशिक, जिला संगठन मंत्री दीनानाथ श्रीवास जिला मीडिया प्रभारी राजू श्रीवास, जिला कार्यकारणी सदस्य घनश्याम श्रीवास, लालाधर श्रीवास, पिताम्बर श्रीवास, जैजेपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष योगेन्द्र श्रीवास, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र श्रीवास, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भुनेश्वर श्रीवास, उपाध्यक्ष सुरज श्रीवास, सैलून संघ में जिला अध्यक्ष मदन श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष भागीरथी श्रीवास, गुड्डु श्रीवास को उपस्थिति अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।



# छत्तीसगढ़ी सिनेमा में हॉरर का नया धमाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ निर्माता निर्देशक ज्ञानेश तिवारी की नई फिल्म "कोई तो है" की शूटिंग शुरू

छत्तीसगढ़ी सिनेमा में अब हॉरर फिल्मों का दौर तेज़ी से बढ़ रहा है। जहां एक ओर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर लगातार डरावनी कहानियों की बाढ़ सी आई हुई है, वहीं छत्तीसगढ़ में भी इस जॉनर को लेकर नए प्रयोग हो रहे हैं। इन्हीं में से एक है निर्माता-निर्देशक ज्ञानेश तिवारी की आगामी हॉरर फिल्म "कोई तो है", जिसकी शूटिंग इन दिनों ज़ोरों पर चल रही है। फिल्म की शूटिंग रैन खोल (ऋषभ तीर्थ के पास) के खूबसूरत पहाड़ी और जंगलों में की जा रही है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस लोकेशन पर एक खूबसूरत लव स्टोरी के साथ-साथ खौफनाक हॉरर अनुभव दर्शकों को मिलने वाला है। फिल्म का पहला पार्ट रैन खोल और उसके आसपास के इलाकों में शूट हो रहा है, जबकि दूसरा पार्ट जांजगीर जिला मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में फिल्माया जाएगा। ज्ञानेश तिवारी ने बताया कि यह फिल्म न सिर्फ डर और रहस्य की कहानी कहती है, बल्कि इसके केंद्र में एक गहरी मानवीय प्रेम कथा भी है। फिल्म के हर सीन पर बारीकी से काम किया जा रहा है। रात के दृश्यों की शूटिंग के कारण तकनीकी और कलात्मक मेहनत दोनों का स्तर बहुत ऊंचा रखा गया है। फिल्म के गीत-संगीत का कार्य लखन नेम और बुद्धेश नेम ने किया है, जबकि गानों को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा, सुनील सोनी और चंपा निषाद ने अपनी आवाज़ दी है। मुख्य भूमिकाओं में हैं वीर देवांगन (हीरो), अंजलि (हीरोइन, जो अपनी पांचवीं फिल्म कर रही हैं), सुमन त्यागी (थिएटर आर्टिस्ट), विनोद उपाध्याय (सीनियर आर्टिस्ट, जो इस बार एक खौफनाक किरदार में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में तरुण बघेल (रायगढ़), दिनेश शर्मा (कोरबा), नरेंद्र सिंह चंदेल (बिलासपुर), लता रही (कोरबा), श्री कसेर (चांपा) और कई स्थानीय कलाकार जैसे रामकुमार खांडेय भी शामिल हैं।



निर्माता निर्देशक ज्ञानेश तिवारी के साथ उपस्थित कलाकार।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
• 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
• बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
• पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
• महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
• दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
• बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
• हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
• सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
• शोल्डर और बाजू की सर्जरी
• कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
• हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
• बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
• नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में भारीपन, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
• निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

खबर संक्षेप

## जमड़ी में काली पूजा का हुआ शुभारंभ



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमडी (मल्दा) में नव युवक काली पूजा उत्सव समिति के तत्वाधान में काली पूजा उत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा एवं वेदी पूजन और मूर्ति स्थापना के साथ शनिवार 18 अक्टूबर को हुआ। व्यास आचार्य पंडित रामकुमार दुबे मल्दा वाले हैं। काली पूजा उत्सव का समापन, हवन एवं मूर्ति विसर्जन 22 अक्टूबर बुधवार को किया जाएगा। इस दौरान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 21100 रु, द्वितीय पुरस्कार 15001 रु, तृतीय पुरस्कार 10001 रु, चतुर्थ पुरस्कार 5001 रु , पंचम पुरुस्कार 3001 रु, षष्ठ पुरुस्कार 2501 रु, सप्तम पुरुस्कार 1001 रु दिया जाएगा। माता सेवा जस गीत का फाइनल प्रतियोगिता 22 अक्टूबर बुधवार को रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा। मूर्तिदात रविशंकर कश्यप,श्री बद्री कश्यप जमडी के द्वारा दिया गया है। मुख्य यजमान दरस लाल सिदार श्रीमती कौशल्या सिदार, मंच संचालक प्रीतम लाल कश्यप, सम्में लाल कश्यप,जीत राम कश्यप, रूपेश साहू के अलावा ग्रामवासी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटें हुए हैं।

## प्रयास गौसेवा सेवा संस्थान ने नंदी बाबा का किया रेस्क्यू



**चांपा।** प्रयास गौसेवा सेवा संस्थान चांपा को 18 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुई कि एक नंदी बाबा (सांड) को रेबीज का संक्रमण हो गया है, जिसके कारण वह पिछले दो दिनों से शहर में कई लोगों को घायल कर रहा था। धनतेरस के दिन शहर में भारी भीड़ होने के चलते दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रयास सेवा संस्थान की गौसेवक टीम ने तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन का जिम्मा संभाला। लगातार मेहनत और सूझबूझ से किए गए प्रयासों के बाद टीम ने सफलतापूर्वक नंदी बाबा को रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाकर इलाज की व्यवस्था की गई। इस रेस्क्यू अभियान में विशेष सहयोग एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार, चांपा थाना पुलिस टीम, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, नगर पालिका के कर्मचारी पिंटू बघेल एवं उनकी टीम, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ सुरेश कंवर, सभी के समन्वित प्रयास से एक बड़ी दुर्घटना टल गई और शहरवासियों ने राहत की सांस ली।

महंत लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में सम्मान समारोह

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत जरुरी



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

श्री महन्त लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय शिवरीनारायण में प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर किरण गजपाल प्राचार्य शासकीय दूधाधारी बजरंगदास स्वशासी स्नाकोत्तर महाविद्यालय रायपुर थीं।

अध्यक्षता श्री महन्त लाल दास शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर से डॉ प्रीति कंसारा उपस्थित हुई। अतिथियों ने शिवरीनारायण पहुंचकर सबसे पहले भगवान नर -नारायण जी का एवं मठ मंदिर में दर्शन पूजन किया तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए। महाविद्यालय परिवार के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के द्वारा हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों यदि आपको अपना भविष्य बनाना है तो जीवन में केवल मेहनत, मेहनत और मेहनत ही करना सीखना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश्री महन्त महाराज ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में इस विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने यह कार्यक्रम आयोजित किया है। इस कार्यक्रम में पहुंची डॉ किरण गजपाल के अनुभव का लाभ यहां के छात्र-छात्राओं को प्राप्त होगा। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। लोगों को कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि ने भी संबोधित किया। आभार डॉक्टर पीएस चौधरी ने व्यक्त की। कार्यक्रम में डॉक्टर कल्पना मिश्रा, ऋतु भारवा, रागिनी पांडे, स्वप्निल कुर्महे, आकांक्षा गजपाल, निरंजन अग्रवाल, ओमप्रकाश सुल्तानिया, योगेश शर्मा, उदय राम केवट, सुबोध शुक्ला, बसंत देवांगन अशोक शर्मा, रामचरण कर्ष, प्राचार्य कश्यप जी एवं पटेल जी, गोपाल केवट, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव एवं हर्ष दुबे सहित लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## महर्षि मतंग की मूर्ति स्थापना के लिए हुआ भूमि पूजन

**खरौद।** नगर में महर्षि मतंग की मूर्ति स्थापना के लिए 16 अक्टूबर को भूमि पूजन किया गया। खरौद नगर के कुटी भाटा में भक्ति मति माता शबरी के गुरु महर्षि मतंग के मूर्ति स्थापना के लिए भूमि पूजन किया गया। रामायण कालीन प्राचीन नगर खरौद में छठवीं शताब्दी में ईटों से निर्मित प्राचीन सबरी मंदिर से महानदी जलघाट तक के भूभाग को कुटीभाटा के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि यहां महर्षि मतंग का आश्रम था। इसके प्रतीक के रूप में आज भी एक ढांचा विद्यमान है। उनके याद को और ताजा एवं जीवंत बनाने के लिए अध्यात्म परिषद एवं नगर वासियों के सहयोग से महर्षि मतंग की भव्य एवं जीवंत मूर्ति स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। भूमि पूजन एवं वास्तु देवता का पूजन यजमान डॉक्टर ओम दत्त यादव एवं आंचल यादव द्वारा लक्ष्मेश्वर मंदिर के पुजारी सुधीर मिश्रा के मार्ग निर्देशन में किया गया। इस शुभ अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, पार्षद नीलम यादव, पूर्व पार्षद शरद शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि बसंत यादव, अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष शिवरात्रि यादव, हेमलाल यादव गुरुजी, राज मिस्त्री राजू आदित्य, बेबी ज्ञाना एवं बेबी अमिधा यादव, द्वास गिरि गोस्वामी उपस्थित रहे।







## खबर संक्षेप

### शिविर में मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की दी गई जानकारी



**राहौद।** शासकीय हाई स्कूल मेहंदी में संस्था प्रधान संतोष अनंत के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन 17 अक्टूबर शुक्रवार को किया गया। शिविर में हाई -स्कूल के छात्र -छात्राओं को विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर की टीम के द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। प्राधिकरण से पधारे अधिवक्ता गजानंद कश्यप एवं नरेन्द्र सूर्यवंशी के द्वारा संवैधानिक नियम- कानून के प्रावधानों जैसे प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक कर्तव्य एवं अधिकार, बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल अपराध, पास्को एक्ट, टोनही प्रताड़ना, दहेज प्रताड़ना, पुलिस सूचना एफआईआर संबंधी रोजनामचा एवं कार्यवाही आदि की जानकारी विद्यार्थीयों को दी गई। इस अवसर पर व्याख्याता धनेश देवांगन, श्रीमती देवकांता यादव, श्रीमती प्रभा जोशी, श्रीमती अनीता सुषमा आर्य सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## निधन

### बुधवंती कौर गांधी



**पामगढ़।** नगर की प्रतिष्ठित महिला बुधवंती कौर गांधी का 91 वर्ष की आयु में शनिवार की सुबह निधन हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्रो का परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन सहित नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुखाग्नि उनके पुत्र चरणजीत सिंह गांधी ने दी।

### नरसिंहा राठौर



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के प्रतिष्ठित नागरिक नरसिंहा राठौर प्रभात (बड़े दउवा) का आकस्मिक निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 19 अक्टूबर को सुबह 9 बजे रानी पारा मुक्तिधाम जांजगीर में होगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है।

भाजपा का विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन आयोजित

# अर्थव्यवस्था मजबूती के लिए स्वदेशी सामानों का करें उपयोग : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के लिखमानिया धर्मशाला मे भारतीय जनता पार्टी का अकलतरा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन भाजयूमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा हर्षिता पांडेय, जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े , पूर्व सांसद कमला पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुन अघरिया, पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू,की उपस्थिति में किया गया।

अंबेश जांगड़े ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हम सभी को स्वदेशी सामानों का उपयोग करना है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हो और हम आत्मनिर्भर बन सकें। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि केंद्र की सरकार द्वारा विकसित भारत रथ चलाया गया था। रथ के चलने के पहले भारत विश्व के पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था था। रथ चलने के बाद चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया। अब निश्चित ही आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम 2047 तक हमको विश्व की नंबर 1 अर्थव्यवस्था बनाएगा। मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित हर्षिता पांडेय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के शब्दों से डरने की आवश्यकता नही हैं , बस अपने आस-पास निर्मित होने वाली वस्तुएं खरीदें। वोकल फॉर लोकल बने। ऐसा करते-करते आप कब आत्मनिर्भर भारत बना देंगे पता भी नही चलेगा। उन्होंने कहा कि निज भाषा पर, निज प्रदेश -देश पर, निर्माण पर गर्व करें और उसके संवर्धन मे सकारात्मक योगदान दें। हर्षिता पांडे ने सम्मेलन मे उपस्थित सभी को स्वदेशी अपनाने एवं वोकल फॉर लोकल होने की शपथ दिलाई ।इस दौरान 30 लोगों को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी मे प्रवेश करवाया गया ।कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान और आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री गोवर्धन साहू ने किया । कार्यक्रम में पुरुषोत्तम यादव, नंद चौधरी, महादेव नेताम, गुलाब सिंह चंदेल, समीर शुकला, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, रजनी साहू, पवन यादव,प्रमोद कौशिक, सुमित सिंह चंदेल, आनंद प्रकाश मिरी, दिनेश दास, पिंटू बरेठ, कान्हा अग्रवाल, रमेश पालीवाल हरप्रकाश धींवर, विनोद निर्मलकर, प्रकाश बोरकर, रोहिणी उपाध्याय, पंकजनी धींवर, प्रभा सिंह, सत्यभामा वैष्णव सहित अकलतरा विंधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।



कार्यक्रम में अतिथि के साथ उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीएम से मिले कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती



जैजैपुर विधानसभा के कार्यकर्ता विधायक बालेश्वर साहू को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिलेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जैजैपुर क्षेत्र के कार्यकर्ता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मांग करने पहुंचे। पूर्व सोसाइटी शाखा प्रबंधक एवं वर्तमान विधायक बालेश्वर साहू के तत्काल गिरफ्तारी किया जाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके द्वारा किसानों के साथ धोखाधडी कर लाखों रुपए का गबन किया गया है एवं उचित जांच होने पर और भी फर्जी वाडे सामने आयेंगे एवं चांपा थाने मे तीन किसानो के साथ गबन के आरोप मे 420 का अपराध दर्ज है। सभी लोगो की मांग है कि आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी को आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चन्द्रा, गोपी सिंह ठाकुर, भूषण चन्दा,सोनसाय देवांगन,कीर्तन चंद्रा,श्रीमती मोहन कुमारी साहू, राम नरेश यादव, चौलेश्वर चंद्राकर,विक्रम सिंह ठाकुर ,लोकेश साहू,हरनारायण यादव ,चेतन महंत विक्रम चंद्रा,आशीष तिवारी, ऋषि बनाफर,विक्रम सिंह चन्द्रा,धनू डनसेना, पूरन जायसवाल उपस्थित थे

# जिला स्तरीय कुल उत्सव पंथी नृत्य प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़



उपस्थित प्रतिभागी छात्र-छात्राएं।

शहिद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के तत्वावधान में टीसीएल कॉलेज जांजगीर द्वारा जिला स्तरीय कुल उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक नृत्य पंथी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम का चयन विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ।

**खास बात**

- शासकीय ठाकुर छेदीलाल महाविद्यालय जांजगीर ने किया आयोजन

शहिद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के तत्वावधान में कुल उत्सव का आयोजन 14 अक्टूबर शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर द्वारा विभिन्न विधाओं में किया गया। प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ के छात्राओ द्वारा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक नृत्य पंथी की सुंदर प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में गुरु घासीदास बाबा जी के सात सिद्धांतों का वर्णन नृत्य के साथ-साथ गायन के रूप में किया गया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाविद्यालय को जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ व टीम का चयन विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा इस सफलता पर प्राचार्य डॉ.एस.के यादव, प्राध्यापक डॉ.एस.के त्रिपाठी, डॉ. एस.आर. महेंद्र, डॉ आशीष तिवारी, डॉ श्वेता जैन, सुश्री.मीरा टंडन, श्रीमती चांदनी छाबड़ा, श्रीमती संतोषी उराव ,श्रीमती लक्ष्मी गौरी कुजूर सुमन , आर एस विश्वकर्मा, सूर्यकांत सिंह जयदेव , विक्रम सिंह आजाद ,सुश्री.तारिक नायक ,सुश्री.अंकिता करभाल द्वारा छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

दसवीं पुण्यतिथि पर
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
"न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं, भूत्वा भविता वा न भूयः ।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो, न हन्यते हन्यमाने शरीरे ।।"
आपने सत्यता, सहनशीलता, सहिष्णुता, सद्मार्ग, सहयोग एवं स्पष्टता का जो मार्ग दिखाया था, उसी मार्ग पर चलते हुए पूरा परिवार आपकी गरिमा को बनाये रखने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर आगे बढ़ रहा है.
आपका आशीर्वाद बना रहे इसी कामना के साथ आज पुण्यतिथि पर पूरा परिवार नतमस्तक होकर मार्मिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है...
"हम हैं आपके"
श्रीमती कमला देवी भारद्वाज (पत्नी), रवि परसराम भारद्वाज (पुत्र)
संजय शेखर भारद्वाज (पुत्र), जतिन देवेन्द्र शेखर भारद्वाज (नाती)
एवं समस्त भारद्वाज परिवार तिवारीपारा खरौद

स्व. परसराम भारद्वाज जी
जन्म 01/10/1948
निर्वाण 19/10/2015